## सार-समाचार

### जान्हवी का जिला स्तरीय टीम में चयन

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय 67वीं ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मित्तल इंटरनेशनल ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण, रजत व कांस्य पद हासिल किया है। स्वर्ण पदक विजेता जान्हवी अहूजा का अपने बेहतरीन खेल के दम पर जिला स्तरीय टीम में चयन हो गया है। मित्तल इंटरनेशनल की जाव्हवी अब सीकर में 14 से 19 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपना दम खम दिखाएगी। प्रशासक अजय मुखर्जी ने बताया कि शनिवार को शहर पुलिस एसपी शरद चौधरी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाया। जिला स्तरीय 67वीं ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अंडर-17 के 56 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल लाने वाली जान्हवी आहूजा, अंडर-17 भारवर्ग 60 किलो में रजत पदक विजेता प्रीति गोस्वामी व अंडर-17 भारवर्ग 52 किलो में अविका शक्तावत को रजत पदक व देव नागर को अंडर-17 भारवर्ग 59 किलो में कांस्य पदक विजेता रहे। शहर एसपी शरद चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलों से बच्चों मे आत्मविश्वास की भावना को बल मिलता है। अपनी रूचि के अनुसार बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना चाहिऐं। हमारा देश खेलो रोज नए कीर्तिमान बना रहा है। इसका ताजा उदाहरण एशियन गेम्स की पदक तालिका है। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बच्चे सेल्फ डिफेंस भी सिखाते है। उन्होंने बच्चों को लग्न व मेहनत करने की सीख भी दी। इस अवसर बीएस शक्तावत व मो.रईस सहित कई लोग उपस्थित रहे। स्कूल ट्रस्टी अनिल अग्रवाल ने बताया कि मित्तल इंटरनेशनल स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। बच्चों को शैक्षणिक व खेलकूद हर क्षेत्र में तैयार करने के लिए प्रयासरत रहता है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**कोटा,** (निसं)। बाजार से घर लौट रहे बाइक सवार की एक्सीडेंट में मौत हो गई। हालांकि, ये साफ नहीं हो पाया कि कौनसी गाड़ी ने उसे टक्कर मारी। हादसे के बाद युवक सड़क पर ही पड़ा रहा। बाद में सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल लेकर आए। सिर पर गम्भीर चोट लगने से युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम गुमानपुरा इलाके की है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। यातायात थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। साजिद अंसारी (46) कोटड़ी इलाके में रहता था। बिल्डिंग निर्माण में सरिया सेटिंग का काम करता था। उसके तीन बच्चे हैं। साजिद शुक्रवार शाम को गुमानपुरा इलाके में गया था। वहां से चाय पीकर वापस घर लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सहित नीचे गिर गया। भाई वाजिद अंसारी ने बताया कि शाम 7 बजे करीब उन्हें एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखा तो साजिद सड़क पर पड़ा हुआ था। जिसे उठाकर हॉस्पिटल लाए। उसके सिर पर गम्भीर चोट लगी। ये पता नहीं चला हादसा कैसे हुआ। यातायात थाना हैड कांस्टेबल इशाक मोहम्मद ने बताया शुक्रवार शाम 6 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार साजिद को टक्कर मार दी। हादसे में घायल साजिद की मौत हो गई। हादसे का पता लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए जाएंगे।

### कार के शीशे तोड़े

**कोटा,** (निसं)। शहर के महावीर नगर थाना क्षेत्र इलाके में देर रात असामाजिक तत्वों ने कॉलोनी में उत्पात मचाया। और रोड पर खड़ी 3-4 गाड़ियों के शीशे तोड़े। गाड़ियों की शीशे तोड़ने से गुस्साए लोग शिकायत के लिए थाने पहुंचे। स्थानीय लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए इलाके में गश्त बढ़ाने की मांग की। घटना रंगबाड़ी योजना सेक्टर-4 श्रीराम पार्क के पास की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि देर रात 8 बजे करीब 8-10 बेखौफ युवाओं ने कॉलोनी में खड़ी गाड़ियों पर पत्थर फेंके। जिससे कई गाड़ियों के शीशे टूट गए। घटना के बाद युवक मौके से फरार हो गए। गाड़ी के शीशे टूटने की आवाज सुनकर लोग अपने घरों से बाहर निकले। लोगों का कहना है पार्क के पास देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है।जो आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहते है। खड़ी गाड़ियों पर कुछ भी लिखकर चले जाते है। अब तो उनके हौसले इतने बुलंद हो गए कि रोड़ पर खड़ी गाड़ियों के शीशे ही तोड़ दिए। इसकी शिकायत महावीर नगर थाने में दी है। और इलाके में गश्त बढ़ाने की मांग की।

### सेमारी स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव

**कोटा,** (निसं)। रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 19821/19822 कोटा-असारवा-कोटा एक्सप्रेस का प्रयोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में सेमारी स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 19821 असारवा-कोटा सेमारी स्टेशन पर दोपहर 12.43 बजे आगमन कर 12.45 बजे गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19822 कोटा-असारवा सेमारी स्टेशन पर रात 01.33 बजे आगमन कर 01.35 बजे गन्तव्य के लिये प्रस्थान करेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा रोहित मालवीय नें बताया कि यह निर्णय यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जिससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी। इस संबंध में सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ऊक्त ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

### मतदाता जागरुकता के लिए रंगोली सजाई

**कोटा,** (निसं)। छत्र बिलास उद्यान नयापुरा के मुख्य प्रवेश द्वार पर मतदाता जागरूकता अभियान कोटा उत्तर की स्वीप टीम द्वारा छत्र विलास उद्यान में प्रातः भ्रमण के लिए आने वाले सभी युवा, वृद्ध, दिव्यांग मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने की दृष्टि से एक विशाल मतदाता जागरूकता रंगोली और मानव श्रृंखला बनाई गई। प्रातः भ्रमण के लिए उद्यान में घूमने आए हुए सभी आयु वर्ग के पुरुष और महिला मतदाताओं द्वारा रंगोली के प्रति उत्सुकता और प्रशंसा का भाव व्यक्त किया गया। इस अवसर पर निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट, मुख्यालय) कोटा उत्तर सपना कुमारी ने उन्हें अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें शपथ दिलवाई कि वे सभी स्वयं तो मतदान करेंगे ही साथ ही अपने अन्य साथियों, पड़ोसियों, रिश्तेदारों को भी को भी विधानसभा चुनाव 2023 में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

### दिव्यांग कल्याण दिवस मनाया

**कोटा,** (निसं)। एलबीएस चेयरमेन कुलदीप माथुर ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, कोटा समाज कल्याण सप्ताह समारोह 2023 में खेलकूद प्रतियोगिता-रस्सी कूद, म्यूजिकल चेयर, साउंड बॉल एवं बुक बैलेंस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सयुंक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, ओम प्रकाश तोषनीवाल रहें। प्रतियोगिता में सभी स्पेशल स्कूल के दिव्यांग विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान शाहबाज, मुस्कान, ईशिका, दीक्षा, ने प्राप्त किया और द्वितीय स्थान पर वंदना, उमेश, हरहाम, निधि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा दिव्यांग बच्चों का मनोबल बढ़ाया एवं उन्हें उत्साहवर्द्धन किया।

### सुल्तानपुर महिला कबड्डी में सबसे आगे

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में 19 वर्षीय छात्रा वर्ग में सुल्तानपुर ने बाजी मारी। दल प्रभारी पुष्पा मीणा ने बताया कि यह छात्राओं की मेहनत और अनवरत प्रयास का नतीजा है की आज छात्राओं ने जीत दर्ज की है। इससे पूर्व भी राजीव गांधी ग्रामीण/शहरी ओलंपिक खेलों में सुल्तानपुर महिला वर्ग ने गोल्ड हासिल किया। टीम लीडर अनु कुमारी ने बताया कि इसमें हमारी दल प्रभारी पुष्पा मीणा का बहुत सहयोग रहा उनका सहयोग और आशीर्वाद व उत्साहवर्धन के कारण आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। सुल्तानपुर छात्राओं में राज्य स्तर पर अनु कुमारी, इवाशु, शीतल मुस्कान, प्रिया, मोनिका आदि का चयन किया गया है।

### 6 फायरमैनों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण में फायर अनुभाग में 06 फायरमैनों को राज्य सरकार द्वारा पद स्थापित किया गया है। इसी क्रम में नगर निगम कोटा दक्षिण के महापौर राजीव अग्रवाल के द्वारा नवनियुक्त 6 फायरमैनों को जिसमें 4 महिला एवं 2 पुरूष है को नियुक्ति पत्र सौंपे। महापौर राजीव अग्रवाल ने नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुऐ सभी नवनियुक्त कर्मचारियों को कहा कि वो ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा व मेहनत से नगर निगम की सेवा करें व अपने कार्य व व्यवहार से आमजनता का दिल जीते। इस अवसर पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास, गौशाला समिति अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, अमित पारीक उपस्थित रहे।

# विवाहिता को भगा ले जाने का आरोपी 32 साल बाद गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। 30 साल की उम्र में विवाहिता को भगा ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने 62 साल की उम्र में गिरफ्तार किया है। 32 साल तक आरोपी नाम बदलकर फरारी काट रहा था।

पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार का इनाम रखा था। कोटा की उद्योग नगर थाना पुलिस ने आरोपी को जयपुर के कानोता थाना क्षेत्र से शनिवार को गिरफ्तार किया। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए तीन कॉन्स्टेबल 5 दिन तक हुलिया बदल कर रेकी करते रहे थे। डीएसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपी ओमप्रकाश उर्फ शम्भूदयाल (62) मूल रूप से नीम का खेड़ा थाना देई जिला बूंदी का रहने वाला है। सितंबर 1991 में आरोपी ओमप्रकाश सूर्यनगर थाना उद्योग नगर कोटा से एक विवाहित महिला को भगाकर ले गया था। मकान से सोने के गहने व 15 हजार रुपए भी साथ ले गया था। हालांकि, 7 दिन बाद महिला घर लौट आई थी। लेकिन आरोपी लंबे समय से फरार था। गिरफ्तारी के डर से आरोपी 30 साल से अपने गांव नीम का खेड़ा भी नहीं आया। फरारी के दौरान उसने शादी कर ली। जयपुर के कानोता थाना क्षेत्र में पत्नी व 5 बच्चों के साथ रह रहा था। इस दौरान कोर्ट ने आरोपी को उदघोषित अपराधी घोषित किया। पुलिस की ओर से आरोपी की गिरफ्तारी पर 20 हजार का इनाम घोषित किया गया।

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय ने वांछित, स्थाई वारंटी, मफरुर, भगोड़े, गिरफ्तारी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रखा है। अभियान के तहत उद्योग नगर थाने की टीम आरोपी के गांव पहुंची। मुखबिर की सूचना पर आरोपी के जयपुर में होने का पता लगा। जिसके बाद तीन कॉन्स्टेबल ने जयपुर पहुंचकर आरोपी पर नजर रखी। आरोपी ओमप्रकाश जयपुर में आगरा रोड़ पर किराए के मकान में रह रहा था। उसने पहचान छिपाने के लिए लोगों को अपना नाम बदलकर शंभुदयाल बता रखा था। वो खुद मजदूरी पर जाता था। पत्नी व बच्चे भी मजदूरी करते हैं। उसकी एक बेटी की शादी हो चुकी है।

ऐसे में पुलिस की टीम को ओमप्रकाश की जानकारी जुटाना चुनौती था। ऐसे में कांस्टेबल राम प्रकाश, राम किशोर, व महावीर ने जयपुर के कानोता में 5 दिन तक डेरा डाले रखा। उसने जयपुर की आईडी बना रखी थी। तीनों ने 5 दिन तक दूध वाले व मजदूर का वेश बनाकर के झुग्गी-झोपड़ी में घूमते रहे। किसी ने पानी पताशे का ठेला लगाया तो कोई दूधवाला बनकर जानकारी जुटाता रहा। आरोपी इतना शातिर था कि 30 साल पहले किए अपराध के बाद किसी भी रिश्तेदार के सम्पर्क में नहीं आया। उसने सबसे दूरी बना ली थी। यहां तक कि गांव में उसकी 10 बीघा जमीन और पुश्तैनी मकान को भी 32 साल से देखने तक नहीं गया। बता दें कि आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम इसके गांव नीमका खेड़ा भी गई थी। यहां गांव में ओमप्रकाश नाम के 2 आरोपी ही थे। एक ओमप्रकाश गांव से कहीं बाहर ही नहीं गया था। ऐसे में पुलिस को अब दूसरे ओमप्रकाश की तलाश थी। ग्रामीणों ने बताता कि दूसरा ओमप्रकाश कई सालों से जयपुर के कानोता में है। जो कई सालों से गांव नहीं आया है।

## अपने मालिकाना हक से वंचित लोगों को महापौर ने पट्टे सौंपें

- ‘पट्टों की लम्बित पत्रावलियों में शीघ्र कार्यवाही कर सभी आवेदकों को पट्टा दिया जाना सुनिश्चित करें’

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण में प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत फोर्टवाल प्रभावित क्षेत्र रामतलाई, मोखापाड़ा, रेतवाली, न्यू साबरमती कॉलोनी, कैथूनीपोल, श्रीपुरा व सिंधी कॉलोनी, बैंकर्स कॉलोनी, गुमानपुरा, नयागांव पुलिस लाईन के निवासियों को अपना मालिकाना हक मिला।

महापौर राजीव अग्रवाल "भारती" ने बताया कि फोर्टवाल से प्रभावित निवासियों को अपने मकान का मालिकाना हक मिले इस बारे में लगातार प्रयास किये जा रहे थे। फोर्टवाल क्षेत्रवासियों को पट्टा मिले इस पर माननीय स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के द्वारा बुलाई बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुरूप एम्पावर्ड कमेटी के निर्णय अनुसार फोर्टवाल प्रभावित क्षेत्र में पट्टा जारी करने की लगातार कार्यवाही करते हुये पट्टे बनाये गये। इसी क्रम में आज लगभग 45 पट्टों का वितरण महापौर राजीव अग्रवाल "भारती" ने अपने कक्ष में किया। महापौर ने अपने मालिकाना हक से वंचित लोगों को जब पट्टे सौंपे तो सभी के चौहरो पर अपार खुशी झलक रही थी। महापौर अग्रवाल ने बताया कि अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये गये है कि पट्टों की लम्बित पत्रावलियों में शीघ्र कार्यवाही कर सभी आवेदकों को पट्टा दिया जाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कार्यवाहक उपायुक्त सत्यनारायण राठौर, पार्षद कमलकांत शर्मा, अजय सुमन, जितेन्द्र सिंह, पी.डी गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संदीप भाटिया, पूर्व पार्षद लोकेश सुमन, पार्षद प्रतिनिधि सुलेमान बादशाह, आसिफ मिर्जा, अमित पारीक उपस्थित रहे।

## अस्पतालों में भर्ती मरीजों के लिए शहरवासी आगे आए

- दो दिन में टीम जीवनदाता के सहयोग से 12 लोगों ने एस.डी.पी. डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। कोटा शहर में डेंगू का प्रकोप लगातार देखने को मिल रहा है, ऐसे में सेवाभावी लोग भी निरंतर आगे आ रहे हैं। इन्हीं सेवाभावी लोगों के कारण कई लोगों का जीवन बच रहा है।

टीम जीवन दाता के संयोजक व संरक्षक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि डेंगू के कारण कई मरीज अस्पताल में प्लेटलेट कम होने के कारण जीवन से संघर्ष कर रहे हैं।

उन्हें एसडीपी की आवश्यकता हुई तो उन्होंने कई ब्लड बैंकों में प्रयास किया, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका। ऐसे में टीम जीवनदाता, हाड़ौती ब्लड डोनर सोसायटी, रक्तकोष फाउंडेशन के पास कॉल आया तो उनकी मदद को कई लोग दौडते हुए आगे आए।

इसमें देर रात को पहुंचने वाले डोनर की संख्या ज्यादा रही। पिछले दो दिन के अंदर 12 लोगों ने एसडीपी डोनेट कर मरीज की जान बचाने का प्रयास किया। भुवनेश गुप्ता ने बताया कि इसमें कई नेगेटिव डोनर्स है तो कई पॉजिटिव है, जो निरंतर एसडीपी करते चले आ रहे हैं जिसमें उत्कर्ष गुप्ता, मनीष बंसल, पुष्पेंद्र सिंह हाड़ा, अंकित पोरवाल, अरुण विजय, अरुण खंडेलवाल, लोकेश गुप्ता, रोहित लोकवानी, अतुल विजय, महिपाल सिंह शक्तावत, मनीष माहेश्वरी एवं संदीप सिंघल जैसे लोगों ने अनजान मरीज की मदद की और 24 घंटे एक के बाद एक एसडीपी करते चले गए। सुबह से लेकर रात तक 12 लोगों ने एसडीपी डोनेट की है।

भुवनेश गुप्ता ने बताया कि मरीज की सेवा के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और नए डोनर्स के साथ पुराने डोनर्स लगातार सेवा कार्य कर रहे हैं, जिसके चलते लोग लाभांवित हो रहे हैं।




**कोटा में एम्पलॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर हनोई, वियतनाम में आयोजित एक भव्य समारोह मे डीसीएम श्रीराम लि., कोटा को वर्ष 2023 का बेस्ट एम्पलॉयर अवॉर्ड प्रदान किया गया। यह अवॉर्ड समारोह के मुख्य अतिथि डिप्टी हाई कमिश्नर, वियतनाम द्वारा डीसीएम श्रीराम लि. के सीनियर वाइस प्रेसीडेन्ट एच आर, निगम प्रकाश एवं वाइस प्रेसीडेन्ट पॉवर प्लान्ट, निरंजन त्रिवेदी को प्रदान किया गया। उपरोक्त समारोह में एन.के. जैन, अध्यक्ष, एम्पलॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। यह पुरस्कार वृहद श्रेणी (सीमेन्ट, केमिकल, प्रोसेस ग्रुप) में कर्मचारियों एवं नियोक्ता के मध्य सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित करने, प्रभावशाली उत्पादकता स्तर, व्यवसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य, कौशल विकास, नवाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व हेतु डीसीएम श्रीराम लि., कोटा को प्रदान किया गया है।**

## प्रभारियों की बैठक आयोजित

**कोटा,** (निसं)। विधानसभा आम चुनाव 2023 के मध्यनजर पूर्व तैयारियों को लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को विभिन्न निर्वाचन प्रकोष्ठ प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपखण्ड एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीसी के माध्यम से जुड़े। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा वीसी के माध्यम से दिए गए निर्देशों से अवगत कराते हुए पालना सुनिश्चित करने को कहा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी प्रकोष्ठ एवं विभाग अपने-अपने स्तर पर सभी तैयारियां पूरी करें।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम मरयम से बदलकर नया नाम मरयम एम दवावाला रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-मरयम एम दवावाला पत्नी मुर्तुजा अली दवावाला बुरहानी बोहरा मोहल्ला बून्दी

**सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक वाद बाबत घोषणा माननीय सिविल न्यायाधीश क्रम-5 उत्तर कोटा राज. में वादिनी श्रीमती बसन्त कंवर बाई पत्नी स्व. अजब सिंह राजपूत निवासी हनुमान नगर दादाबाड़ी कोटा राज. द्वारा प्रस्तुत किया है। वादिनी का संयुक्त खाते की पैतृक आराजीयात ग्राम बरेडा व ग्राम सेवनिया तहसील खानपुर जिला झालावाड़ राज. में स्थित है जिसमें सहखातेदार वादिनी का पुत्र समुन्द्र सिंह भी है जो सन् 2014 से लापता है जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना दादाबाड़ी कोटा में दर्ज है वादिनी द्वारा अपने पुत्र समुन्द्र सिंह के लापता होने तथा 07 वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने से उसको मृतक घोषित करने का वाद न्यायालय में प्रस्तुत किया है जो लंबित है उक्त लापता व्यक्ति के मृत अथवा जीवित होने की जानकारी जिस किसी भी व्यक्ति को हो वह वाद दिनांक 18.10.2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद का सक्षम न्यायालय द्वारा विधिवत निर्णय कर दिया जावेगा।

भवदीय
बी सी मालवीय एडवोकेट
मो. 9413828901

**आम सूचना**

मेरे पक्षकार ओमप्रकाश आयु 47 वर्ष पुत्र श्री रामदयाल जाति केवट निवासी बालिता रोड पूर्व रिद्धि सिद्धि ज्वैलर्स के पास पुलिस थाना कुन्हाड़ी कोटा के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के पिता श्री रामदयाल पुत्र श्री बद्रीलाल ने एक मकान स्थित बालिता रोड बापू नगर पूर्व रिद्धि सिद्धि ज्वैलर्स के पास कुन्हाड़ी कोटा जिसमें ग्राउण्ड फ्लोर में एक कमरा, चौक, रसोई, एक हॉल चारा रखने की जगह, भूसा रखने का कमरा, गाये बांधने की टापरी, आगे खुली जमीन व रास्ता स्थित है। जिसकी सीमाऐं निम्न लिखित है:- पूरब-रमेश गांधी का मकान, पश्चिम-सड़क आम रास्ता, उत्तर-सुरेश जैन का मकान, दक्षिण-आम गली

सरकार ने पुराने कब्जेदारों के कब्जे के स्थान चाहे बने हुए है या खाली हो के सर्वे करके पट्टे बनाने का कार्यक्रम शुरु किया था, मेरे पक्षकार के पिता ने मेरे पक्षकार से कहा कि अपन भी पट्टे बनवा लेते है, मेरे पक्षकार ने अपने पिता पर विश्वास करके उन्होंने जहां-जहां कहा आंख बंद करके दस्तखत कर दिये। परन्तु मेरे पक्षकार के पिता ने उनके साथ धोखा किया और मेरे पक्षकार के कब्जे में जितना भी था उससे काफी कम भाग का पट्टा मेरे पक्षकार के पक्ष में बनवा दिया और बकाया भूमि के मेरे पक्षकार के पिता ने स्वयं के नाम प्रेम शंकर के नाम, किशनी बाई, चन्द्रकान्ता के पक्ष में पट्टे बनवा दिये। जब मेरे पक्षकार को पता चला तो मेरे पक्षकार ने पट्टे निरस्त करने का दावा न्यायालय में पेश किया जो अति. सिविल न्यायाधीश क्रम-1 उत्तर में मु.न. 132/23 लंबित है जिसमें पेशी 6.10.2023 नियत थी।

मेरे पक्षकार को पता चला है कि उनके पिता रामदयाल, भाई प्रेमशंकर, माता किशनी बाई तथा भाभी चन्द्रकान्ता उक्त पट्टों के आधार पर मकान बेचने पर आमादा है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त मकान जिसकी सीमाऐं उपर दर्ज है उक्त व्यक्तियों से नहीं खरीदे। अन्यथा समस्त जिम्मेदारी खरीदार की होगी। सूचित हो।

दिनांक : 6.10.23

भवदीय
जमील अहमद एडवोकेट,
मो. 9461147786

# शस्त्र अनुज्ञाधारियों को शस्त्र जमा कराने के निर्देश

**कोटा,** (निसं)। आगामी विधानसभा आम चुनाव 2023 शान्तिपूर्वक स्वतंत्र, निष्पक्ष सुव्यवस्थित एवं भयमुक्त ढंग से सम्पन्न कराने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एमपी मीना ने आर्म्स एक्ट 1959 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कोटा जिले के क्षेत्राधिकार में आने वाले समस्त शस्त्र अनुज्ञाधारियों को आदेशित किया है कि वे अपने शस्त्र अनुज्ञापत्र में दर्ज शस्त्रों को तुरंत प्रभाव से संबंधित निकटतम पुलिस थाने के शस्त्रागार या भारसाधक अधिकारी को आदर्श आचार संहिता लागू होते हीं तत्काल जमा करवाएं।

शस्त्र जमा नहीं कराने की स्थिति में शस्त्र अनुज्ञापत्रधारी के विरुद्ध धारा 188 भारतीय दंड संहिता एवं आर्म्स एक्ट -1959 के अन्तर्गत कार्यवाही की जावेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नियमानुसार शस्त्र जमा रसीद थानाधिकारी से प्राप्त कर लेवें एवं संबंधित पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी से चुनाव परिणाम घोषित होने के 01 सप्ताह पश्चात् पुनः वैध शस्त्र अनुज्ञापत्र होने की दशा में पुनः प्राप्त कर लेवें।

सभी वर्गों के मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग भयमुक्त होकर करने एवं किसी प्रकार की हिंसात्मक गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए एवं विभिन्न वर्गों, समुदायों, राजनैतिक दलों के समर्थकों व कार्यकर्ताओं के बीच तनाव एवं टकराव होने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्देश जारी किए गए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यदि कोई अनुज्ञाधारी अपनी आत्मरक्षा के लिए या अन्य उचित कारण से अपने पास शस्त्र अनुज्ञापत्र पर धारित शस्त्र को रखना चाहता है तो वह संबंधित थानाधिकारी को अपना प्रार्थना पत्र अभ्यर्थिता या उम्मीदवारी वापसी तिथि तक सकारण प्रस्तुत कर सकेगा। उन्होंने बताया कि आदेश की पालना जिन शस्त्र धारकों एवं शस्त्र अनुज्ञापत्र धारकों द्वारा नहीं किया जाना पाया गया तो उनके विरूद्ध आर्म्स एक्ट 1959 के प्रावधानों के तहत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा सकेगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी एवं दायित्व संबंधित शस्त्र धारक एवं सशस्त्र अनुज्ञापत्र धारक का होगा।

## मोशन टेलेंट सर्च एग्जाम शुरू

**कोटा,** (निसं)। मोशन टेलेंट सर्च एग्जामिनेशन (एमटीएसई) के जरिए इस साल 125 करोड़ की स्कॉलरशिप और 75 लाख रुपए के केश प्राइज दिए जाएंगे। इस एग्जाम के जरिऐं 500 विद्यार्थियों को कोटा में निशुल्क कोचिंग, सफल छात्र-छात्राओं को सर्टीफिकेट और स्मृति चिन्ह दिए जाएंगे। इसके लिए आवेदन शुरू हो चुके हैं।

अंतिम तिथि 30 नवंबर है। परिणाम की घोषणा 11 दिसंबर को होगी। मोशन टेलेंट सर्च एग्जाम की इनॉगरल सेरेमनी में मोशन एजुकेशन के चेयरमैन सुरेंद्र विजय, सीईओ और फाउंडर नितिन विजय, डायरेक्टर डॉ. स्वाति विजय, जॉइंट डायरेक्टर्स रामरतन द्विवेदी, अमित वर्मा ने इसके पोस्टर्स का विमोचन किया।

मोशन एजुकेशन के सीईओ और फाउंडर नितिन विजय ने बताया कि कक्षा 5 से 10 तक के सभी और कक्षा 11 और 12 के विज्ञान संकाय के विद्यार्थी कहीं से भी, कभी भी ऑनलाइन मोशन टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन दे सकते हैं। एग्जाम के लिए मोशन एजुकेशन की वेबसाईट पर ऑनलाइन पंजीयन करना होगा। वेबसाइट पर सेम्पल पेपर और सिलेबस उपलब्ध हैं। सिलेबस विद्यार्थी की पूर्व कक्षा पर आधारित होगा। परीक्षा का माध्यम इंग्लिश रहेगा लेकिन कक्षा 11 और 12 के लिए हिंदी माध्यम से एग्जाम देने का विकल्प भी रहेगा। नितिन विजय ने बताया कि जो विद्यार्थी कोटा में पढ़ना चाहते हैं और असमंजस में हैं कि जेईई, नीट की ओर उनका रुझान है या नहीं, वे कोटा आकर पढ़ने लायक भी हैं या नहीं अथवा इसके लिए आर्थिक व्यवस्था कैसे होगी, मोशन टेलेंट सर्च एग्जाम ऐसे बच्चों के लिए एक अवसर है। इसके जरिए सभी बच्चों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट मिल जाएगी।

## एलन में जेईई-स्टूडेंट्स के लिए कॅरियर गाइडेंस सेमिनार हुए

**कोटा,** (निसं)। कोटा में देशभर से कोचिंग करने आने वाले विद्यार्थियों को मल्टीपल कॅरियर ऑप्शन तथा इंजीनियरिंग व मेडिकल की पढ़ाई में अन्य विकल्पों की जानकारी देने के उद्देश्य से एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड में सेमिनार आयोजित की जा रही है।

इन्द्रविहार स्थित एलन समर्थ कैम्पस के सद्भाव परिसर में आयोजित 'और भी हैं राहें' सेमिनार में कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने विद्यार्थियों को मल्टीपल कॅरियर ऑप्शन्स की जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रेजेंटेशन के साथ विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग कोर्स के साथ साइंस स्ट्रीम में कॅरियर की संभावनाएं तथा अन्य विषयों में अच्छे पाठ्यक्रम तथा कॉलेजों की जानकारी दी। सेमिनार की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। आहूजा ने सबसे पहले विद्यार्थियों को बताया कि आप जिस लक्ष्य के साथ कोटा आए हैं, उस पर ध्यान दें और आईआईटी-जेईई एग्जाम को समझें। उन्होंने जेईई एग्जाम के बारे में विस्तार से समझाने के बाद देश में विभिन्न आईआईटी-एनआईटी के साथ-साथ अन्य सरकारी व प्राइवेट कॉलेज, यूनिवर्सिटी की जानकारी दी।

साथ ही समय के साथ पाठ्यक्रमों में हो रहे बदलाव, रोजगार की संभावनाओं के बारे में बताया। उन्होंने आईआईटी व एनआईटी में प्रवेश की योग्यता, कॉलेजों के पिछले वर्षों की कट ऑफ, संस्थानों के प्लेसमेंट और पेपर पैटर्न के बारे में बताया। इसके साथ ही साइंस मैथ के साथ अन्य कोर्सेज के बारे में बताया, इन कोर्सेज में एडमिशन लिया जा सकता है तथा कॅरियर की संभावनाएं हो सकती है।

इसमें इंजीनियरिंग के अलावा आर्किटेक्चर, ग्राफिक डिजाइन, एनिमेशन, एडिटिंग, कोडिंग, प्रोग्रामिंग, कॉमर्स, मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट, एडमिन जॉब, एग्रीकल्चर, डाटा एनालिसिस, लैंग्वेज, लॉ, कमर्शियल पायलट सहित कई ऐसे विषयों व कोर्सेज के बारे में बताया, जहां विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार भविष्य देख सकते हैं।

## 30 लीटर हथकड़ शराब बरामद की

**कोटा,** (निसं)। आगामी विधानसभा आम चुनाव के मध्यनजर संयुक्त रेड गस्त पुलिस थाना इटावा व आबकारी निरोधक दल कोटा उत्तर व दक्षिण मय जाप्ता खखेरा बस्ती इटावा व राजोपा में रेड की गई।

प्रहराधिकारी आबकारी निरोधक दल कोटा उत्तर ने बताया कि रेड के दौरान इटावा खखेरा बस्ती में दो साधारण अभियोग दर्ज कर 30 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई और 100 लीटर वॉश मौके पर नष्ट की गई। इसी प्रकार ग्राम राजोपा में 30 लीटर हथकड़ शराब बरामद की गई एवं 100 लीटर वॉश नष्ट की गई तथा दो साधारण अभियोग पंजीकृत किये गये।

## एलन में फैकल्टीज को बी.सी.सी. ट्रेनिंग

**कोटा,** (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड में मेडिकल कॉलेज कोटा के सहयोग से बिहेवियर चेंज कम्युनिकेशन (बीसीसी) ट्रेनिंग सेशन आयोजित किया गया। राज्य सरकार और जिला प्रशासन के निर्देश पर एलन के जवाहर नगर स्थित समुन्नत कैम्पस के समरस ऑडिटोरियम में हुए इस सेशन में मेडिकल कॉलेज के साइकेट्री विभाग के एक्सपर्ट्स ने एलन के 1000 से अधिक फैकल्टीज को ट्रेनिंग दी। यहां विभाग के प्रोफेसर एवं नेशनल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के नोडल ऑफिसर डॉ.विनोद दड़िया ने फैकल्टीज को विद्यार्थियों से संवाद और उनके व्यवहार में आ रहे बदलावों को पहचानने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का सबसे ज्यादा विश्वास अपने शिक्षक पर होता है। कोटा में माता-पिता से दूर है तो वो अपने मन की बात अपने फैकल्टीज को ही कहता है, इसीलिए हम ज्यादा जिम्मेदार भी हैं।

# अग्रसेन जयंती समारोह का भव्य आयोजन आज से

- आठ से 21 अक्टूबर तक विभिन्न आयोजन होंगे
- 15 अक्टूबर को शोभायात्रा निकलेगी

**कोटा,** (निसं)। अग्रवाल समाज सेवा संस्था झालावाड रोड कोटा द्वारा अग्रसेन जयंती समारोह 2023 का भव्य आयोजन 8 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2023 तक किया जा रहा है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अध्यक्ष सुनील गर्ग ने बताया कि श्री महाराजा अग्रसेन की जयंती महोत्सव के पावन पर्व पर संस्था अपनी स्थापना की 37वीं वर्षगांठ मनाने जा रही है। इस अवसर को हर्ष व उल्लास से मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसमें मेहंदी, पेंटिंग, खेलकूद, केरम, शतरंज एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इसके साथ ही भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महाराजा अग्रसेन का पूजन एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा। इसके साथ ही गरबा महोत्सव व डांडिया रास का आयोजन भी किया जाएगा। अध्यक्ष सुनील गर्ग ने बताया कि 8 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे से मेरे भविष्य का भारत विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता 6 से 10 आयु वर्ग के बच्चों की आयोजित की जाएगी।

कार्यक्रम संयोजक घनश्याम गुप्ता ने बताया कि बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन होगा जिसमें 11 से 20 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकेंगे इसके साथ ही मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसका विषय फिगर आट्स होगा। इस प्रतियोगिता में 21 वर्ष से अधिक के प्रतिभागी भाग लेंगे।

प्रचार मंत्री प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता जेके पवेलियन स्टेडियम नयापुरा एवं अग्रवाल सेवा सदन में होंगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजेश गोयल अधीक्षक इथॉस हॉस्पिटल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेपी गुप्ता अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी एवं विशिष्ट अतिथि सुरेश गर्ग डायरेक्टर बीसी डेवलपर होंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुशलगढ़ पं.स. भैसरोड़गढ़ जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान)**

क्रमांक/ग्रा.प.कु./2023-24/04 दिनांकः 04.10.2023

**ई-निविदा सूचना 03/03.10.2023**

(NIB Code : ZCH2324A1395)

ग्राम पंचायत कुशलगढ़ में वर्ष 2023-24 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी एवं पंचायती राज की अन्य योजनाओं हेतु निर्माण सामग्री क्रय/उपकरण किराया हेतु दर संविदा राशि रु. 50.00 लाख का संकर्म/कार्य कराये जाने हेतु उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों/फर्मों से www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन ई-निविदाएं दिनांक 05.10.2023 को सायं 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण एवं शर्ते उक्त पोर्टल एवं sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर NIB code ZCH2324A1395 and UBN ZCH2324 GLOB1961 पर देख सकते है।

सरपंच
ग्राम पंचायत कुशलगढ़
पं.स. भैसरोडगढ़

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कुशलगढ़
पं.स. भैसरोडगढ़